प्रेस विज्ञप्ति
पंचायत उप निर्वाचन, 2025

दिनांक–09.07.2025

- पंचायत उप निर्वाचन, 2025 के क्रम में ग्राम पंचायत सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद् सदस्य, ग्राम कचहरी पंच एवं सरपंच पद हेतु ईवीएम द्वारा (सभी पदों पर) मतदान आज दिनांक 09.07.2025 को 38 जिलों के 221 प्रखण्डों में पुर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ।
- पंचायत उप निर्वाचन हेतु कुल 2634 पदों पर निर्वाचन कराये जाने हेतु पंचायती राज विभाग द्वारा अधिसूचना निर्गत की गई, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

ग्राम पंचायत सदस्य पद	–	839
ग्राम पंचायत मुखिया पद	–	63
पंचायत समिति सदस्य पद	–	72
जिला परिषद् सदस्य पद	–	8
ग्राम कचहरी सरपंच पद	–	83
ग्राम कचहरी पंच पद	–	1569
कुल	–	**2634**

- इस उप निर्वाचन में कुल 1452 अभ्यर्थी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं, जिसका पदवार विवरण निम्नवत् है:–

ग्राम पंचायत सदस्य	–	561
ग्राम कचहरी पंच	–	861
पंचायत समिति सदस्य	–	14
ग्राम कचहरी सरपंच	–	12
जिला परिषद सदस्य	–	2
ग्राम पंचायत मुखिया	–	2
कुल	–	**1452**

- आज दिनांक 09.07.2025 को निम्न रिक्त पदों पर उप निर्वाचन हेतु मतदान सम्पन्न कराये गये है :–

ग्राम पंचायत सदस्य पद	–	174
ग्राम पंचायत मुखिया पद	–	61
पंचायत समिति सदस्य पद	–	56
जिला परिषद् सदस्य पद	–	6
ग्राम कचहरी सरपंच पद	–	70
ग्राम कचहरी पंच पद	–	36
कुल	–	**403**

- उक्त पदों पर निर्वाचन हेतु कुल 3381 मतदान केन्द्रों की स्थापना (2015 मतदान भवन में) की गई थी, जिसमें कुल मतदाताओं की संख्या 18,45,668 (9,65,435 पुरूष मतदाता, 8,80,181 महिला मतदाता तथा 52 अन्य मतदाता) सम्मिलित हैं।
- पंचायत उप निर्वाचन हेतु 3628 ईवीएम का उपयोग किया गया। मतदान के क्रम में कहीं से ईवीएम को बदलने के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं है।

➢ उक्त पद के विरूद्ध पदवार निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या निम्नवत है:-

		महिला अभ्यर्थी	पुरूष अभ्यर्थी	कुल अभ्यर्थी
ग्राम पंचायत सदस्य पद	–	167	229	396
ग्राम पंचायत मुखिया पद	–	138	150	288
पंचायत समिति सदस्य पद	–	113	75	188
जिला परिषद् सदस्य पद	–	22	10	32
ग्राम कचहरी सरपंच पद	–	84	185	269
ग्राम कचहरी पंच पद	–	31	45	76
कुल	–	**555**	**694**	**1249**

➢ 38 जिलों के 3381 मतदान केन्द्रों पर Facial Recognition System (FRS) का उपयोग सफलतापूर्वक किया गया है।

➢ अभ्यर्थियों के बीच पारदर्शिता के उद्देश्य से बज्रगृह में डिजिटल लॉक का उपयोग किया जा रहा है।

➢ संपन्न हुए उप निर्वाचन में जो पद रिक्त रह गए, वह निम्नवत है–

ग्राम पंचायत सदस्य पद	–	104
ग्राम कचहरी पंच पद	–	672
पंचायत समिति सदस्य	–	02
ग्राम कचहरी सरपंच	–	01
कुल	–	**779**

प्राप्त सूचनानुसार इस चुनाव में अबतक लगभग 41% प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। जिसमें पुरूष मतदाताओं का प्रतिशत लगभग 37.67% , महिलाओं मतदातओं का लगभग 44.00% प्रतिशत तथा अन्य मतदाताओं का 38.46 % प्रतिशत है।

➢ **<u>शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ मतदान के लिए की गयी व्यवस्था</u>**

✓ **मतदान केन्द्र पर बलों की प्रतिनियुक्ति** :– शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ मतदान सम्पन्न कराने के लिए निर्धारित मानक के अनुसार सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इस चुनाव हेतु लगभग 5091 पुलिस पदाधिकारी, तथा 18,349 पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति विधि व्यवस्था संधारण हेतु किया गया था।

✓ मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रक्रिया की सफल संचालन हेतु लगभग 16,905 मतदान पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति मतदान केन्द्रों पर किया गया।

✓ विधि व्यवस्था के संधारण के क्रम में जिलों द्वारा अबतक 154 लाईसेन्स रहित शस्त्र, 4890 कारतुस, 104 अन्य अवैध वस्तुएँ तथा 5 विस्फोटक पदार्थ जब्त किया गया।

✓ अवैध गतिविधियों एवं वस्तुओं के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने के लिए जिलों द्वारा विभिन्न 1245 स्थानों पर चेकपोस्ट बनाया गया है तथा 3607 स्थलों पर स्थैतिक निगरानी दलों की नियुक्ति की गई है। पुलिस एवं उत्पाद विभाग द्वारा

अबतक 2,00,640.5 लि0 अवैध शराब जब्त किया गया तथा 1766 अवैध शराब निर्माण भट्टियों को पुलिस द्वारा जब्त किया गया।

- ✓ जिलों द्वारा स्थापित चेक पोस्ट तथा स्थैतिक निगरानी दल द्वारा वाहनों की जाँच के क्रम में 6,89,73,664 रूपया जुर्माने के रूप में वसूल किया गया।
- ✓ **कंट्रोल रूम का गठन** :– मतदान केन्द्र पर किसी भी गड़बड़ी की जानकारी, मतदाताओं की शिकायत आदि के अनुश्रवण हेतु प्रखंड/जिला/आयोग स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया। नियंत्रण कक्ष के सम्पर्क नंबर का प्रचार–प्रसार कराया गया है। आयोग स्तर पर गठित कंट्रोल रूम का नंबर **1800–3457–243** है जो समाचार पत्र के माध्यम से भी प्रचारित प्रसारित किया गया है।

➢ **मतगणना** :– दिनांक 11.07.2025 को मतगणना पूर्वाह्न 8.00 बजे में कुल 227 मतगणना केन्द्रों पर किया जायेगा। पूर्व की भाँति इस उप निर्वाचन हेतु भी ईवीएम में प्राप्त हो रहे आँकड़ों का OCR पद्धति द्वारा मतगणना की व्यवस्था की गई है।

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।